DIRECTOR'S OFFICE
121
7 APR 2017
KHARAGPUR

भा.प्रौ.सं.\रा.भा.बैठक\01\2017-18 दि. 06-04-2017

# विषय- राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त

## SUB- MINUTES OF OFFICIAL LANGUGAE IMPLEMENTATION COMMITTEE MEETING

दिनांक 05 अप्रेल 2017 को 1630 बजे राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक निदेशक (स्थानापन्न) एवं राजभाषा कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष प्रो. श्रीमान कुमार भट्टाचार्य जी, की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में राजभाषा विभाग अध्यक्ष प्रो. वी.आर.देसाई, कुलसचिव श्री प्रदीप पाइन, सदस्य संकायाध्यक्ष सहित 28 माननीय सदस्यगण सम्मिलित हुए।

**मद सं. 1. कार्यवृत्त की पुष्टि एवं गत बैठक में लिए गए निर्णयों पर अनुवर्ती कार्रवाई –** समिति ने सर्वसम्मति से 22 फरवरी 2017 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त को पुष्टि प्रदान की और अनुमोदित किया। सदस्य सचिव ने गत बैठक में लिए गए निर्णयों पर अनुवर्ती कार्रवाई से अवगत कराया। 1. टंकण प्रशिक्षण राजभाषा विभाग में प्रारम्भ कर दिया है। 2. चरणबद्ध रुप में पूरे संस्थान में सभी कंप्यूटरों में यूनिकोड सक्रिय किया जा रहा है। 3. प्रवीण, प्राज्ञ एवं पारंगत प्रशिक्षण चल रहा है-यद्यपि इस सत्र में बहुत कम पंजीकरण हुए हैं।

**मद सं.2. दिनांक 31 मार्च 2017 को समाप्त तिमाही की प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा –** सदस्य सचिव ने समिति को बताया कि हमारी तिमाही रिपोर्ट में हिंदी पत्राचार का प्रतिशत बहुत कम है और प्रगति संतोषजनक नहीं है। **कार्रवाई- संस्थान में सभी, कुलसचिव, राजभाषा विभाग**

**मद सं. 3. राजभाषा नीतियों एवं योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए निर्धारित लक्ष्यों की समीक्षा-** वार्षिक कार्यक्रम में उल्लखित लक्ष्यों में संस्थान पीछे है। अध्यक्ष महोदय ने निदेशित किया कि प्रशिक्षण प्राप्त कर्मचारियों से हिन्दी में कार्य लेना सुनिश्चित किया जाए एवं सभी सामान्य आदेश, कार्यालय आदेश एक ही समय में द्विभाषी जारी किए जाएं। हिन्दी में प्राप्त पत्रों के उत्तर अनिवार्यतः हिंदी में दिए जाएं। राजभाषा विभाग में नियमानुसार वरिष्ठ अनुवादक, कनिष्ठ अनुवादक की भर्ती संबंधी कार्रवाई प्रारम्भ की जाए। । सभी को यूनीकोड सक्रिय करने संबंधी एवं राजभाषा नियमों की जानकारी समय-समय पर परिपत्र के माध्यम से दी जाए। **कार्रवाई- संस्थान में सभी, कुलसचिव, राजभाषा विभाग**

**मद सं. 4. आगामी कार्यशाला एवं कार्यक्रमों के आयोजन पर विचार-विमर्श-** सचिव ने बताया कि संस्थान ने विश्व हिंदी दिवस एवं मातृभाषा दिवस 2017 का आयोजन सफलतापूर्वक किया है तथा प्रत्येक तिमाही में एक कार्यशाला की जा रही है। निर्णय हुआ कि इस तिमाही में समूह "क" अधिकारियों के लिए भी एक हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया जाए। **कार्रवाई- कुलसचिव. राजभाषा विभाग**

**मद सं 5. मंत्रालय से प्राप्त पत्रों पर कार्रवाई एवं विचार विमर्श-** सदस्य-सचिव ने गृह मंत्रालय तथा मानव संसाधन विकास मंत्रालय से प्राप्त पत्रों तथा विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं, आपत्तियों के विषय में समिति को जानकारी दी। सचिव ने बताया कि मानव संसाधन विकास मंत्रालय से प्राप्त एक पत्र के उत्तर में दिनांक 04 अप्रेल 2017 को पिछले तीन वर्षों के कार्यवृत्त, रिपोर्टें एवं महत्वपूर्ण निर्णयों का कार्यान्वयन विवरण मानव संसाधन राज्य मंत्री (एमएनपी) को प्रेषित किया गया है। संभावना है कि हमारे संस्थान में राजभाषा संसदीय समिति का निरीक्षण होना है- अध्यक्ष महोदय ने निदेशित किया कि मुख्य भवन, सभी भवनों पर नियमानुसार त्रिभाषा में नाम पट्टिकाएं लगाने का कार्य शीघ्र पूरा किया जाए। इस विषय में सभी संबंधित पक्ष शीघ्र विमर्श करें एवं निर्णय लेकर कार्रवाई करें। **कार्रवाई- विभागाध्यक्ष-एआरपी, सीसीएम, अध्यक्ष राजभाषा विभाग, कुलसचिव**

**मद सं. 6. राजभाषा अनुदेशों के कार्यान्वयन में कठिनाइयों पर विचार विमर्श-** संस्थान में राजभाषा अनुदेशों के कार्यान्वयन में कठिनाइयों पर चर्चा हुई। सचिव ने बताया कि संस्थान में 200 से अधिक कर्मचारियों ने प्राज्ञ, 30 पारंगत एवं 16 कर्मचारियों ने टंकण परीक्षा उत्तीर्ण की है किंतु हिन्दी में कार्य प्रतिशत बहुत कम है। सचिव ने स्पष्ट किया कि मात्र हस्ताक्षर करने से कोई पत्र हिन्दी का नहीं हो जाता है हमें मूल काम हिन्दी में करना है और अपने कर्मचारियों को हिन्दी में काम करने के लिए प्रोत्साहित करना है। राजभाषा विभाग के लिए उपयुक्त स्थान के लिए अध्यक्ष ने आश्वस्त किया। अध्यक्ष महोदय ने सभी से कहा कि अपने विभाग, स्कूल केन्द्रों, कार्यालयों में आयोजित समस्त कार्यक्रमों, संगोष्ठियों, कार्यशालाओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों के पोस्टर, बैनर राजभाषा नियमों के अनुकूल बनाए जाएं। विद्यार्थियों को शोध पेपर, प्रस्तुतियां हिंदी में देने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाए। अध्यक्ष महोदय ने निदेशित किया कि संस्थान की मुख्य एवं सभी विभागों की वेवसाइट द्विभाषी होनी चाहिए। **कार्रवाई- संस्थान में सभी**

**मद सं. 7. अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य कोई मद-** सभी सदस्यों से अनुरोध किया गया कि राजभाषा संबंधी कार्यक्रमों एवं लक्ष्यों को प्राप्त करने में अपना सहयोग दें एवं अपने सुझावों से हमें अवगत कराएं

अध्यक्ष एवं सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक की कार्रवाई समाप्त हुई।

एस.के.भट्टाचार्य 07/04/17
(प्रो.एस.के.भट्टाचार्य)
उपनिदेशक एवं अध्यक्ष बैठक

वे.रं.देसाई 7.4.'17
(प्रो.वी.आर.देसाई)
अध्यक्ष / राजभाषा विभाग

06/04/2017
(डॉ.राजीव कुमार रावत)
हिंदी अधिकारी एवं सदस्य-सचिव

11/4/17
(प्रो. पार्थ पी चक्रवर्ती)
निदेशक एवं अध्यक्ष रा.का.स.
भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खड़गपुर

HMC website.
13/4/17

## राजभाषा विभाग /Rajbhasha Vibhag

भा.प्रौ.सं.\रा.भा.बैठक\01\2017-18 दि. 06-04-2017

# विषय- राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक के निर्णय :: 05 अप्रेल 2017

## SUB-DECISION OF OFFICIAL LANGUGAE IMPLEMENTATION COMMITTEE MEETING :: :05 APR 2017

राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खड़गपुर की बैठक दिनांक 05 अप्रेल 2017 को बोर्ड कक्ष में संस्थान स्थानापन्न निदेशक एवं रा.का.स.के उपाध्यक्ष प्रो.एस.के.भट्टाचार्य की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में लिए गए निर्णयों का सारांश निम्नवत है। The decisions of Official Language Implementation Committee, Indian Institute of Technology Kharagpur meeting held on 05 Apr 2017 in Board Room presided by officiating Director, Prof S.K. Bhattacharya, are as follows-

| Decision by the Deputy Chairman, OLIC | Action to be taken by |
|---|---|
| 1. Unicode to be activated in all the computers of the institute. | Rajbhasha Vibhag |
| 2. The Official Language Rules and regulations to be circulated to all in the institute regularly. | Rajbhasha Vibhag |
| 3. The percentage of Hindi correspondence is to be increased. | All in the institute, Registrar |
| 4. The employees who are trained in Hindi language, typing, translation should do their work in Hindi. All general orders, memos, circulars to be issued bilingual and the letters received in Hindi should be replied in Hindi. | All, Registrar, all Officers. |
| 5. A Hindi Workshop for Group "A" officers should be held to help them about Hindi rules and computing tools, software etc helpful for working in Hindi. | Registrar, Rajbhasha Vibhag |
| 6. The process should be expedited for putting trilingual name boards on main building and other prominent places. | HOD- ARP, Chairman-CCM, Registrar, Rajbhasha Vibhag |
| 7. Suitable space and manpower requirement as per GOI rules and strength of the institute for Rajbhasha Vibhag will be considered. | The Deputy Director, Dean (HR) |
| 8.All the name plates in the Institute main building, Departments, Schools, Labs, Centres, direction boards and other buildings / facilities to be prepared Trilingual (Bangla followed by Hindi-Devanagri & English). Simultaneously efforts be made to adopt this policy in all posters, banners, display boards, signboards of the programs, workshops etc. | All in the institute, CCM, CMPC |
| 9. The students should be encouraged to present their papers, research summary in Hindi, if possible. | All HOD, all faculty |
| 10. Efforts should be made to achieve the annual target decided for 2017-18. | All in the institute. |
| 11. The websites of the departments, centers, schools etc linked on institute web site should be made bilingual. | All HOD, Heads, Chairman, P i/cs etc. In-charge officers. Head-information Cell, Head CIC. |

एस.के.भट्टाचार्य 07/04/17
(प्रो.एस.के.भट्टाचार्य)
उपनिदेशक एवं अध्यक्ष बैठक

वे.र.देसाई 7.4.17
(प्रो.वी.आर.देसाई)
अध्यक्ष / राजभाषा विभाग

07.04.2017
(डॉ.राजीव कुमार रावत)
हिंदी अधिकारी एवं सदस्य-सचिव

11/4/17
(प्रो. पार्थ पी) चक्रवर्ती)
निदेशक एवं अध्यक्ष रा.का.स.
भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खड़गपुर